दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, गुरुवार 27 अप्रैल 2023

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## रहस्य तो कायम हैं


अमृतपाल को लेकर रहस्य अभी नहीं छंटे हैं। अब देखने की बात होगी कि क्या गिरफ्तारी के बाद राज्य से बहुत दूर भेजने के निर्णय से अमृतपाल का पंजाब में असर कमजोर होगा? यह उसका साया वहां मंडराता रहेगा?

उग्रवादी नेता अमृतपाल सिंह को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन उससे उन रहस्यों पर से अभी परदा नहीं हटा है, जो वारिस दे पंजाब नाम के संगठन के इस नेता को लेकर पिछले महीनों में गहराती चली गई हैं। इनमें सबसे पहला रहस्य तो यही है कि यह शख्स आखिर अचानक कहां से आ धमका और इस हद तक चर्चित हो गया। शुरुआती दिनों में पंजाब पुलिस ने उसके साथ जो विशेष बर्ताव किया, उससे भी कई सवाल उठे थे। और अंत में जिस ढंग से उसकी गिरफ्तारी की कोशिश हुई और उसके बीच यह गायब हो गया, उन सबने लोगों के मन में कहीं ना कहीं कुछ काला होने का भाव पैदा किया। अब उसकी गिरफ्तारी उस मुकाम पर आने के बाद हुई है, जब वह एक बहुचर्चित व्यक्ति बन चुका है। साथ ही वह पंजाब में एक खास तरह की अलगावादी-सियासी धारा की नुमाइंदगी करता भी दिख रहा है।

गिरफ्तार करने के बाद जिस तरह उसे असम ले जाने का फैसला हुआ, उससे भी यही संकेत दिया गया कि पंजाब में इस व्यक्ति को लेकर एक खास तरह की परिस्थिति पैदा हो चुकी है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि सुरक्षा कारणों से अमृतपाल सिंह को असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया है। अमृतपाल को पंजाब की जेल में रखने से राज्य में तनाव बढ़ने की आशंका थी। पंजाब या आसपास की किसी जेल में बंद होने पर अजनाला पुलिस स्टेशन जैसी घटना होने की भी आशंका थी। गौरतलब है कि अजनाला में अमृतपाल के एक समर्थक को हिरासत में लिया गया था, लेकिन वहां एक बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई, जिसने पुलिस को हिरासत में लिए गए व्यक्ति को रिहा करने पर मजबूर कर दिया था। ऐसे में वैसी घटना की आशंका के कारण अमृतपाल को असम भेजने का आखिर क्या संदेश है? अमृतपाल पर अब तक जो मुकदमे दर्ज हुए हैं, उनमें एक अजनाला की घटना से भी संबंधित है। अब देखने की बात होगी कि क्या गिरफ्तारी के बाद राज्य से बहुत दूर भेजने के निर्णय से अमृतपाल का पंजाब में असर कमजोर होगा? यह उसका साया वहां मंडराता रहेगा?

## पहलवानों ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, डब्लूएफआई प्रमुख के खिलाफ एफआईआर की मांग

नई दिल्ली



भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीडऩ और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाते हुए पहलवान विनेश फोगाट और अन्य ने दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान यह मामला उठाया। अधिवक्ता ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखते हुए पीठ से इस मामले पर शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई। पीठ ने याचिका के सूचीबद्ध नहीं होने की बात बताते हुए श्री हुड्डा से इस मामले का मंगलवार को फिर से उल्लेख करने को कहा। याचिका के अनुसार, फोगाट और अन्य पहलवानों ने दिल्ली पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने में 'अत्यधिक देरी' का हवाला देते हुए श्री सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करने का पुलिस को निर्देश देने की गुहार लगाई है। सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 23 जनवरी को खेल मंत्रालय ने मशहूर मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अप्रैल के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, लेकिन इसके निष्कर्ष अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

मैरी कॉम के अलावा समिति के अन्य सदस्यों में ओलंपिक पदक विजेता-पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन और भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन शामिल थे। ओलंपियन पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य शीर्ष भारतीय पहलवानों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर एक बार फिर रविवार से डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ अपना विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश पत्रकारों से बात करते हुए रो पड़ीं।

विनेश ने पहले आरोप लगाया था कि वह श्री सिंह द्वारा मानसिक उत्पीडऩ का शिकार हुई थीं और (दावा किया था) उन्होंने आत्महत्या के बारे में भी सोचा था। उन्होंने कहा कि रविवार को एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों ने फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने हालांकि, कथित तौर पर कहा था, हमें सात शिकायतें मिली हैं और फिलहाल उन सभी की जांच कर रहे हैं। ठोस सबूत मिलने के बाद हम प्राथमिकी दर्ज करेंगे। अपनी पूछताछ के दौरान, हमने पुलिस से एक रिपोर्ट मांगी है।

## अब एक ही व्हाटसएप अकाउंट चलेगा चार अलग-अलग मोबाइल पर, मेटा सीईओ मार्क जकरबर्ग ने की घोषणा




वॉशिंगटन। व्हाटसएप में लगातार नए-नए अपडेट आते रहते हैं। अब व्हाट्सएप ने एक और शानदार फीचर्स को रोलआउट कर दिया है। इस फीचर की मदद से एक ही व्हाट्सएप अकाउंट को एक साथ चार डिवाइस पर इस्तेमाल किया जा सकता है। मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने खुद इसकी घोषणा की है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि आज से आप अधिकतम चार फोन में एक ही व्हाट्सएप अकाउंट में लॉगिन कर सकते हैं।

व्हाट्सएप ने 'कम्पेनियन मोड' फीचर को रोलआउट किया है। इस फीचर की मदद से यूजर्स को मल्टी-डिवाइस का सपोर्ट मिलेगा। यानी कम्पेनियन मोड फीचर की मदद से यूजर्स को एक ही व्हाट्सएप अकाउंट को दूसरे डिवाइस में भी इस्तेमाल करने में आसानी होगी। इस फीचर को पहले बीटा टेस्टिंग के लिए जारी किया गया था, लेकिन अब सभी यूजर्स इस फीचर का इस्तेमाल कर सकेंगे।

व्हाट्सएप अकाउंट को कई तरीकों से लिंक किया जा सकता है। यदि आप अपने प्राइमरी डिवाइस के साथ अन्य डिवाइस पर भी व्हाट्सएप अकाउंट को लिंक करना चाहते हैं तो आपको सेकेंडरी डिवाइस के व्हाट्सएप एप्लीकेशन में जाकर फोन नंबर दर्ज करना होगा। अब आपके प्राइमरी डिवाइस पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करना होगा। इसी तरह प्राइमरी डिवाइस पर कोड स्कैन करके भी अन्य डिवाइस को लिंक किया जा सकता है।

## रतन टाटा ने बढ़ाया भारत का मान, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा

**मुंबई।** देश के दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के मालिक रतन टाटा के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। भारत-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके प्रयासों के लिए रतन टाटा को ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया से सम्मानित किया गया है। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओफारेल ने ट्विटर पर इस समारोह की तस्वीरें शेयर कीं और लिखा कि भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया में भी रतन टाटा का योगदान रहा है। वे एक दिग्गज बिजनेसमैन हैं।

भारत के मशहूर उद्योगपति रतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया-इंडिया बायलेट्रल रिलेशनशिप, ट्रेड, इन्वेस्टमेंट और परोपकारी कार्यों के लिए ऑस्ट्रेलिया के जनरल डिवीजन में एक मानद अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। इसके 1 महीने बाद ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है।

## नियम तोड़ने वालों के ट्वीट्स पर लेबल रहा है ट्विटर



**नई दिल्ली।** ट्विटर ने कहा कि उसने उन ट्वीट्स पर लेबल लगाना शुरू कर दिया है, जिन्हें उसके नियमों का उल्लंघन करने के लिए फ्लैग किया गया है, ताकि प्लेटफॉर्म पर उनकी दृश्यता कम हो सके। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह अपनी नीतियों का उल्लंघन करने वाले दुर्भावनापूर्ण ट्वीट्स पर लेबल लगाएगा। ट्विटर ने कहा, सेंसरशिप। शैडोबैनिंग। बोलने की स्वतंत्रता, पहुंच नहीं। हमारे नए लेबल अब लाइव हैं।

मंच ने पहले कहा था कि वह ट्वीट्स पर होने वाली प्रवर्तन कार्रवाइयों में अधिक पारदर्शिता जोड़ रहा है। पहले कदम के रूप में, जल्द ही आप कुछ ट्वीट्स पर लेबल देखना शुरू कर देंगे, जो संभावित रूप से घृणित आचरण के आसपास हमारे नियमों का उल्लंघन करते हुए पहचाने जाते हैं, आपको बताते हैं कि हमने उनकी दृश्यता को सीमित कर दिया है।

ये कार्रवाइयां केवल ट्वीट के स्तर पर की जाएंगी और किसी उपयोगकर्ता के खाते को प्रभावित नहीं करेंगी। कंपनी ने कहा कि ट्वीट्स की पहुंच को प्रतिबंधित करने से बायनरी 'लीव अप बनाम टेक डाउन' कंटेंट मॉडरेशन निर्णयों को कम करने में मदद मिलती है जो हमारे भाषण की स्वतंत्रता बनाम पहुंच की स्वतंत्रता का समर्थन करता है।

कंपनी ने कहा कि यह कभी-कभी गलत हो सकता है, इसलिए लेखक लेबल पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे यदि उन्हें लगता है कि हमने उनके कंटेंट की दृश्यता को गलत तरीके से सीमित कर दिया है। कंपनी ने कहा, भविष्य में, हम लेखकों को ट्वीट की दृश्यता को सीमित करने के हमारे फैसले की अपील करने की अनुमति देने की योजना बना रहे हैं।

## कलाकार ने विराट कोहली को दिया ग्रामीण राजस्थानी लुक



**जयपुर।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली की तस्वीर को राजस्थानी लुक देते एक कलाकार का वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है। कलाकार तेजू जांगिड़ ने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर इस कैप्शन के साथ साझा किया, एटविराटडॉटकोहली ग्रामीण राजस्थानी लुक में..

जांगिड़ ने विराट कोहली की तस्वीर को लाल रंग की पगड़ी और सफेद कुर्ते में पेश किया है। इसके अलावा लुक को पूरा करने के लिए वह हाथ में एक छड़ी भी थमा देते हैं। इसके बाद वह कोहली की मूंछें भी बनाते हैं।

जांगिड़ का यह वीडियो उनके चित्रण को दशार्ता है कि भारतीय क्रिकेटर कोहली पारंपरिक राजस्थानी पोशाक में कैसे दिखेंगे। इंस्टाग्राम पर 2 अप्रैल को साझा किए गए इस वीडियो को अब तक 4,84,398 से अधिक लाइक और काउंटिंग मिल चुकी है। वीडियो को दर्शकों से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, और कई लोग कलाकार की अविश्वसनीय प्रतिभा से दंग रह गए हैं।

सोशल मीडिया हैंडलर दिलचस्प कमेंट्स लिख रहे हैं। एक यूजर ने कहा, विराट कोहली अगर राजस्थान में पैदा होते। एक ने लिखा, भाई, आप एक महान कलाकार हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, वॉव। एक और दिलचस्प टिप्पणी कहती है, घाना चोखा लग रिया कोहली सा।

जांगिड़ वास्तव में एक चित्रकार हैं, जिनकी पेंटिंग लीक से हटकर सोच के कारण ध्यान आकर्षित कर रही है। वह जोधपुर से हैं। उन्हें बचपन से ही चित्र बनाने का शौक रहा है। हालांकि, आर्थिक तंगी के कारण वह कोई कोर्स नहीं कर सके। उन्होंने 2018 में कॉन्सेप्ट प्लानिंग शुरू की और डिजिटल पेंटिंग में एक इलस्ट्रेटर के रूप में काम किया।

तब से उन्होंने पीछे मुडक़र नहीं देखा। उनके ग्राहक दुनिया भर में हैं। उन्होंने कहा, मैं वैश्विक मानचित्र पर नाम और शोहरत हासिल करना चाहता हूं। हालांकि वित्तीय चुनौतियों के कारण मैं कोई कोर्स नहीं कर सका, लेकिन मैं सर्वश्रेष्ठ के लिए प्रयास करना जारी रखता हूं।

## गेंदबाजों के दम पर दिल्ली विजयी

**हैदराबाद।** दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाजों के साहसी प्रदर्शन की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की। दिल्ली ने सनराइजर्स के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में मेज़बान टीम 137 रन तक ही पहुंच सकी।

दिल्ली के ऊपरी क्रम ने एक बार फिर निराशाजनक प्रदर्शन किया, हालांकि मनीष पांडे (27 गेंद, 34 रन) और अक्षर पटेल (34 गेंद, 34 रन) ने छठे विकेट के लिये 69 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। यह स्कोर सनराइजर्स के लिये बहुत बड़ा साबित हुआ। दिल्ली की कसी हुई गेंदबाजी के आगे सनराइजर्स के बल्लेबाज कभी भी हाथ नहीं खोल सके। हेनरिक क्लासेन 19 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 31 रन की पारी खेलकर मेजबान टीम को जीत की ओर ले जा रहे थे, हालांकि 19वें ओवर में उनके आउट होने से मैच का रोमांच बढ़ गया।

सनराइजर्स को आखिरी ओवर में मात्र 13 रन बनाने की जरूरत थी, लेकिन क्रीज पर वाशिंगटन सुंदर और मार्को जैनसेन मौजूद थे। सुंदर ने पहली गेंद पर दो रन बनाये, हालांकि मुकेश कुमार ने अगली पांच गेंदों पर सिर्फ तीन रन देकर दिल्ली को जीत दिलाई।

पिछले मैच में सीजऩ की पहली जीत दर्ज करने वाली दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की जगह टीम में आये फिलिप सॉल्ट भले ही शून्य रन पर पवेलियन लौट गये, लेकिन मिचेल मार्श ने दूसरे ओवर में मार्को जैनसेन को चार चौके जड़ते हुए 19 रन बटोरे।

शुरुआती नौ गेंदों पर सिर्फ एक रन बनाने वाले वॉर्नर ने भी चौथे ओवर में बाहें खोलकर वाशिंगटन सुंदर को एक चौका और एक छक्का जड़ा। दोनों ऑस्ट्रेलियाई खिलाडिय़ों ने दूसरे विकेट के लिये 38 रन की साझेदारी की, हालांकि इस साझेदारी के बाद दिल्ली की समस्याएं शुरू हुईं।

मार्श 15 गेंद पर 25 रन बनाकर टी नटराजन का शिकार हो गये, जिसके बाद सुंदर के एक ओवर ने मैच का रुख पलट दिया। सुंदर इस आईपीएल सीजन में अब तक एक भी विकेट नहीं ले सके थे, लेकिन उन्होंने आठवें ओवर में वॉर्नर (20 गेंद, 21 रन), सरफराज़ ख़ान (10 रन) और अमन हाकिम खान (चार रन) सहित तीन बल्लेबाजों को आउट करके दिल्ली की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया।

## किसी का भाई किसी की जान 100 करोड़ रु. के आंकड़े की ओर



बीते शुक्रवार 21 अप्रैल को प्रदर्शित हुई सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान ने चौथे दिन सोमवार को फिल्म की सफलता के लिए जरूरी माना जाने वाला लिटमस टेस्ट पास कर लिया है। प्राप्त समाचारों के अनुसार फिल्म ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। रविवार तक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 68 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। सोमवार के आंकड़ों को मिलाकर फिल्म अब तक 78 करोड़ के आंकड़े को छूने में सफल हो गई है। आम तौर पर सोमवार को बॉक्स ऑफिस कारोबार कम होता है, लेकिन सलमान खान के लिए नहीं, क्योंकि सुपरस्टार को देखने के लिए प्रशंसकों का तांता लगा रहा। फिल्म, जिसमें पूजा हेगड़े भी हैं, 21 अप्रैल को रिलीज़ हुई। किसी का भाई किसी की जान, जिसे मास-मार्केट फैमिली एंटरटेनर के रूप में पेश किया गया है, अजित-स्टारर वीरम की रीमेक है, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

किसी का भाई किसी की जान सलमान खान की दबंग 3 के बाद पहली बड़ी प्रदर्शित फिल्म थी। फिल्म ने अपने शुरुआती दिन में बहुत धीमी शुरुआत की थी। हालाँकि, केकेबीकेकेजे ने पहले सप्ताहांत में अपने कारोबार में भारी वृद्धि देखी और अपने पहले सोमवार, 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में यह फिल्म 10.50 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई करने में सफल रही।

## जल्द ही फिर लौटने वाला है रॉकी भाई, केजीएफ 3 में आएँगे नजर



कन्नड़ सुपरस्टार यश की ब्लॉकबस्टर मूवी केजीएफ 2 के तीसरे पार्ट को लेकर बहुत लंबे वक्त से चर्चाएं भी बढ़ती जा रही है। मगर अभी तक इसे लेकर आधिकारिक सूचना सामने नहीं आई थी। आज केजीएफ 2 की रिलीज को पूरा 1 वर्ष बीत गया है। इस ब्लॉकबस्टर मूवी की रिलीज के 1 साल पूरे होने की खुशी में मूवी की निर्माता कंपनी होमेबल फिल्म्स ने एक बड़ा इशारा भी कर रहा है। जिसे देखकर फैंस खुशी से 7वें आसमान पर पहुंच रहा है। मेकर्स ने केजीएफ 2 की रिलीज की फर्स्ट एनिवर्सिरी पर एक धमाकेदार वीडियो जारी कर यश की मूवी के तीसरे पार्ट का इशारा दिया है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा व अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

***वृष :*** आज दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

***मिथुन :*** आज आपकी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें।

***कर्क :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा व धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे।

***सिंह :*** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे।

***कन्या :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा और धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

***तुला :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा और सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

***वृश्चिक :*** आज आप खुशनुमा रहेंगे और आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें।

***धनु :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा । थोड़ा स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

***मकर :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा । वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कोई आवश्यक समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद होने से बचें। व्यर्थ भागदौड़ होगी।

***कुंभ :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा और पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी।

***मीन :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा व आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

## आम की टेस्टी और हेल्दी रेसिपी 'आमराखंड'



गर्मियों के मौसम में जहां बढ़ता पारा और टपटपाता पसीना लोगों की मुश्किलें बढ़ाता है, तो दूसरी तरफ ठंडे पेय पदार्थ और ठंडी चीजें पूरे शरीर को तरोताजा कर देते हैं। तो आइए जानें ऐसी ही एक ड्रिंक आमराखंड के बारे में।

### सामग्री :

आम के टुकड़े, दही, पिस्ता, काजू, बादाम (कटरे हुए), शक्कर पाउडर

### विधि :

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर मौजूद मशहूर शेफ मेघना ने आम से बनने वाली एक मजेदार रेसिपी शेयर की है। जो गर्मियों के लिए हेल्दी एंड टेस्टी ड्रिंक है, इसका नाम है आमराखंड, जिसे बनाने के लिए पके आम की जरूरत होती है। तो चलिए जानते हैं इनकी रेसिपी:

शेफ मेघना बताती हैं कि आमराखंड को मैंगो श्रीखंड भी कहा जाता है। यह पारंपरिक श्रीखंड से काफी बेहतर और अलग होता है।

- इसके लिए सबसे जरूरी चीज है दही का चट्टा, जिसे बनाने के लिए बिल्कुल ताजा दही लेना चाहिए, जो ज्यादा खट्टा ना हो और इसे रातभर पतले-मुलायम सूती कपड़े में डालकर एक छन्नी के ऊपर रखकर फ्रिज के अंदर रख दें।

- अब दही के चट्टे को एक बर्तन में डाल देंगे और इसमें मध्यम आकार के आम को मिक्सी में पीसकर और छानकर मिलाएंगे।। फिर इसमें स्वादानुसार शक्कर का पाउडर मिला देंगे। अब इसे अच्छी तरह से फेंट लेंगे।

- आखिरी में इसमें आम के टुकड़े डाल देंगे। फिर इसके ऊपर आम के कुछ टुकड़े, पिस्ता, काजू-बादाम के कटे लच्छे आदि डालकर इसे दो-तीन घंटे के लिए फ्रिज में रखकर फिर ठंडा-ठंडा सर्व करेंगे।


## शब्द सामर्थ्य- 46

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 045 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू-दोकू- 46

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक [illegible] सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.045 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |